सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–2

राज्यपाल ने हिन्दी पत्रकारिता दिवस पर सभी मीडिया प्रतिनिधियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

राजभवन नैनीताल 29 मई, 2024

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने हिन्दी पत्रकारिता दिवस पर सभी मीडिया प्रतिनिधियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। हिन्दी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर पूर्व संध्या में जारी अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ के रूप में पत्रकारिता देश की सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक, सांस्कृतिक आदि विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता आन्दोलन में हिन्दी पत्रकारिता की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। राज्यपाल ने कहा कि पत्रकार, सैनिकों की तरह राष्ट्र के सच्चे प्रहरी होते हैं, समाज के अंदर फैली कुरीतियों के प्रति आम जनमानस को जागरूक कर पत्रकार राष्ट्र निर्माण में अपना अहम योगदान देते हैं।

............0............